AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कैंपस की सीमा लांघ युवाओं में कौशल विकास करेगा लविवि

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर की सीमाओं से बाहर निकल कर युवाओं में हुनर का विकास करेगा। इसके लिए विवि अपने यहां मोबाइल कौशल विकास प्रयोगशाला स्थापित करेगा। यह प्रयोगशाला परिसर की सीमाओं से स्वतंत्र होगी तथा जन-जन के बीच जा सकेगी।

नई शिक्षा नीति में व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लविवि यह कदम उठाएगा। इसके तहत विवि ने लघु, मध्यम

नई शिक्षा नीति के तहत स्थापित की जाएगी मोबाइल कौशल विकास प्रयोगशाला

और दीर्घ अवधि की कार्ययोजना तैयार की है। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि मोबाइल कौशल विकास प्रयोगशाला के साथ ही उद्योगों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन की सुविधा के लिए प्रमाणन प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी। छात्रों के लिए नवाचार, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमशीलता के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों को प्राथमिकता देने और बढ़ावा देने की योजना तैयार की है। इसके तहत अल्पावधि (0-4 वर्ष) में, इंस्ट्रक्टेशन, इक्विपमेंट हैंडलिंग और डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत वर्ष में दो बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। नैनी टेक्नोलॉजी और ड्रग डिलीवरी के लिए नैनो सामग्री, प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान, एनएबीसीएल प्रमाणन के साथ खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला और फैशन डिजाइनिंग जैसे विशेष क्षेत्रों में कार्य होगा। केंद्र स्थापित किया जाएगा। लंबी अवधि (7-10 वर्ष) में, उद्योग और सरकार द्वारा समर्थित आवश्यकता-आधारित पाठ्यक्रमों वाले कौशल विकास केंद्र स्थापित किया जाएगा। लंबी अवधि (7-10 वर्ष) में, उद्योग और सरकार द्वारा समर्थित आवश्यकता-आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से कौशल विकास को प्रोत्साहन देने के लिए पेटेंटिंग प्रयोगशालाएं भी स्थापित करने का लक्ष्य है।

डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से लविवि अपने विद्यार्थियों को हुनर, रोजगार और उद्यमिता के मौके देगा।

लविवि में पहली बार पार्ट टाइम एमटेक, आवेदन शुरू

अवसर : इलेक्ट्रिकल और मेकेनिकल इंजीनियरिंग में हैं 20-20 सीटें

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 के लिए फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में पहली बार पार्ट टाइम एमटेक शुरू किया है। इलेक्ट्रिकल और मेकेनिकल इंजीनियरिंग में शुरू हुए दोनों पाठ्यक्रमों 20-20 सीटों पर आवेदन मांगे गए हैं। पहली बार शुरू किए जाने वाले दोनों पाठ्यक्रमों में नौकरी कर रहे लोग आवेदन करके प्रवेश ले सकेंगे।

इंजीनियरिंग संकाय के डॉ. हिमांशु ने बताया कि पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए पिछले सत्र में शिक्षा परिषद और कार्यपरिषद से मंजूरी मिल गई थी। इसमें आवेदन इस सत्र से शुरू किए जा रहे हैं। अभ्यर्थी माहविद्यालय की वेबसाइट पर इंजीनियरिंग एंड फार्मेसी संकाय में जाकर आवेदन से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पीजी के लिए अब 30 तक आवेदन

लविवि ने पाठ्यनातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब 30 जून तक फॉर्म भर सकेंगे। पहले फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित थी। लविवि प्रशासन ने गुरुवार को आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिन बढ़ाए जाने की जानकारी दी। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लविवि में अलग- अलग विभागों में 77 पीजी कोर्स संचालित है। इनमें 5720 सीटें हैं। दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर आवेदन करना होगा। अभ्यर्थी अपने मोबाइल पर लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। किसी भी समस्या पर हेल्पलाइन 0522-4150500 पर संपर्क कर सकते हैं।

नगर निगम कॉलेज में 20 तक आवेदन

लखनऊ। अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज ने शुक्रवार को स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी। अब विद्यार्थी 20 जून तक आवेदन कर सकेंगे। प्राचार्या प्रो. सुषमा चंद्र पांडेय ने बताया कि कॉलेज में बीए की 160 और बीकॉम की 80 सीटें हैं। अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट www.abvnndc.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म शुल्क 200 रुपये निर्धारित है।

19 तक भरे जा सकेंगे परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। लविवि ने शुक्रवार को एमए फ्रेंच व एमए कंपोजिट हिस्ट्री पाठ्यक्रम का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यार्थन विपाटो ने बताया विद्यार्थी वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं। संवाद)

दो पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने शुक्रवार को एमए फ्रेंच व एमए कंपोजिट हिस्ट्री पाठ्यक्रम का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यार्थन विपाटो ने बताया विद्यार्थी वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं। संवाद)

विधि छात्रों को करनी होगी इंटर्नशिप

लखनऊ। लविवि व संबद्ध कॉलेजों के विधि पांच वर्ष व तीन वर्ष के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप करनी होगी। संकाय अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने पत्र जारी करते हुए महाविद्यालयों के शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों को 21 से 30 दिन इंटर्नशिप सुनिश्चित कराएं। इंटर्नशिप न्यायालय, वरिष्ठ अधिवक्ता, उपभोक्ता फोरम, विधिक फर्म, मानवाधिकार आयोग, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में 21 दिन से लेकर 30 दिन तक करनी होगी। संवाद)

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को दी जाएगी नौकरी पाने के लिए खास ट्रेनिंग

पूरा होगा स्टूडेंट्स के जॉब का ख्वाब

LUCKNOW(9 JUNE): लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने विजन प्लान के तहत स्टूडेंट्स के लिए

SPECIAL नवाचार, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमशीलता के अवसर बढ़ाने की योजना बनाई है। कौशल विकास के अंतर्गत विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को इंस्ट्रूमेंटेशन, उपकरण हैंडलिंग और डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में ट्रेनिंग देगा।

रोजगार व उद्यमशीलता के अवसर बढ़ाने के लिए बनाया विजन प्लान

व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र

इसके अलावा एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें नैनो टेक्नोलाजी और ड्रग डिलीवरी के लिए नैनो सामग्री, प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान, एनएबीसीएल प्रमाणन के साथ खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला और फैशन डिजाइनिंग जैसे विशेष क्षेत्रों पर कार्य होगा.

विजन प्लान का अंतिम लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि स्टूडेंट्स अपने एकेडमिक ज्ञान को मुद्रीकरण योग्य कौशल में बदलने में सक्षम हो. कुशल कर्मियों और नौकरी सृजकों के रूप में समाज की सेवा कर सकें.
प्रो. आलोक कुमार राय, वीसी, लखनऊ यूनिवर्सिटी

साल में दो बार ट्रेनिंग

डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि स्टूडेंट्स को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत साल में दो बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. वही, 4 से 7 वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय का उद्देश्य कौशल विकास केंद्र स्थापित करना है. यह केंद्र उद्योग और सरकार द्वारा समर्थित आवश्यकता-आधारित पाठ्यक्रमों की पेशकश करेगा.

कॉरियर के अवसरों से जोड़ा जाएगा

केंद्रीयकृत प्लेसमेंट सेल के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रमों को कॉरियर के अवसरों से जोड़ा जाएगा. कौशल और ज्ञान प्राप्त करके छात्रों को अपना स्वयं का उद्यम शुरू करने पर विचार करने के लिए सशक्त बनाया जाएगा.

बनेगी प्रमाणन प्रयोगशालाएं

प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय एक मोबाइल कौशल विकास प्रयोगशाला भी विकसित करेगा. यह एक वैन के रूप में होगी, जिससे विद्यार्थियों के कौशल को जन-जन तक पहुंचाया जा सके. इसके अलावा, उद्योगों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन की सुविधा के लिए प्रमाणन प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी. अभिनव प्रथाओं के पेटेंट और भौगोलिक संकेत (जीआई) टैगिंग में नवीन प्रथाओं की सहायता के लिए पेटेंट प्रयोगशालाएं भी बनेंगी.

HINDUSTAN PAGE 6

विश्वविद्यालय ने 10 वर्षों के विजन प्लान में नवाचार, कौशल विकास को शामिल किया

एलयू में बनेगी फूड टेस्टिंग मोबाइल और पेटेंट की लैब

योजना

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में फूड टेस्टिंग, मोबाइल स्किल डेवलपमेंट और पेटेंट लैब स्थापित की जाएगी। नैनो टेक्नोलॉजी एंड नैनो मटेरियल फॉर ड्रग डिलीवरी (एएसएप) और नैचुरल प्रोडक्ट रिसर्च में ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही एलयू को पूरी दुनिया की टॉप-500 व भारत में टॉप-50 विश्वविद्यालय की सूची में शामिल करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

एलयू ने आगामी 10 वर्षों के विजन प्लान में नवाचार, कौशल विकास, उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाएं तैयार की हैं। शार्ट टर्म गोल (0-4 वर्ष) में मौजूदा अनुसंधान बुनियादी ढांचे का उपयोग करके इंस्ट्रूमेंटशन, उपकरण प्रबंधन, डिजाइनिंग आदि में छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना के

तहत साल में दो बार ट्रेनिंग देने का प्लान है। साथ ही वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर खोलने की भी तैयारी है।

मिड टर्म गोल (4-7 वर्ष) में स्किल डेवलेपमेंट का सेंटर खोलने और सभी के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाने का प्लान है। वहीं लांग टर्म गोल (7-10 वर्ष) में ग्रामीण प्रौद्योगिकी का पोषण, ग्रामीण नवाचारों का समर्थन और वैज्ञानिक रूप से पारंपरिक ज्ञान का मानकीकरण कराने की तैयारी है।

जानकारी के अनुसार इसके अलावा उद्योगों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन की सुविधा के लिए प्रमाणन प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी।

इस विजन प्लान का अंतिम लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र अपने अकादमिक ज्ञान को मुद्रीकरण योग्य कौशल में तब्दील करने में सक्षम हों। साथ ही कुशल कर्मियों और नौकरी सृजकों के रूप में समाज की सेवा कर सकें। प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, एलयू

50 शीर्ष विश्वविद्यालयों में देश में एलयू को शामिल करने का लक्ष्य रखा

पार्ट टाइम एमटेक के लिए आवेदन शुरू

एलयू के इंजीनियरिंग संकाय में पार्ट टाइम एमटेक कोर्स के लिए आवेदन प्रक्रिया का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। इसमें इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 20-20 सीटें हैं। जिसके लिए छात्र 7 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। गौरतलब है कि एलयू व सम्बद्ध कॉलेज में आवेदन से पहले एलयूआरएन पंजीकरण करना अनिवार्य है।

बीबीए और एलएलएम परीक्षा फॉर्म की तिथि बढ़ी

लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालय के सेमेस्टर 2023 के तहत बीईएलएड, एलएलएम, बीबीए व बीएफए और बीबीए के परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार बता दें कि अब बीईएलएड के तृतीय व चतुर्थ वर्ष, एलएलएम के द्वितीय व चतुर्थ, बीबीए व बीएफए के आठवें और बीबीए के छठे सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 19 जून तक भर जा सकेंगे। वहीं अधिक जानकारी के लिए एलयू के छात्र छात्राएं वेबसाइट देख सकते हैं।

पीजी कोर्सों में अब 30 जून तक आवेदन

एलयू में सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत परास्नातक, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। इन पाठ्यक्रमों के लिए छात्र 30 जून तक एलयू की ऑफिशियल वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे।

JAGRAN CITY PAGE III

पार्टटाइम एमटेक में आवेदन सात जुलाई तक

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवेदन फार्म के साथ जारी की गाइडलाइन

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	20 सीटें
मेकेनिकल इंजीनियरिंग	20 सीटें
आवेदन शुल्क	1600 रुपये सामान्य, ओबीसी के लिए
	1800 रुपये एससी-एसटी, डिफिक्लट टैलेंटेड
हेल्पलाइन नंबर-	0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

अब 30 जून तक भरे जाएंगे पीजी के आवेदन

लविवि ने सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत आनलाइन परास्नातक, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट में वांछित के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ा दी है। अभी तक 10 जून तक समय तय किया गया था।

लविः बनेगा व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, मिलेगी ट्रेनिंग

जारां, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने विजन प्लान के तहत छात्र-छात्राओं के लिए नवाचार, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमशीलता के अवसर बढ़ाने की योजना बनाई है। कौशल विकास के अंतर्गत विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को इंस्ट्रूमेंटशन, उपकरण हैंडलिंग और डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में ट्रेनिंग देगा। इसके अलावा एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें नैनो टेक्नोलाजी और ड्रग डिलीवरी के लिए नैनो सामग्री, प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान, एनएबीसीएल प्रमाणन के साथ खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला और फैशन डिजाइनिंग जैसे विशेष क्षेत्रों पर कार्य होगा।

डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत साल में दो बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। वहीं, 4-7 वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय का उद्देश्य कौशल विकास केंद्र स्थापित करना है। यह केंद्र उद्योग और सरकार द्वारा समर्थित आवश्यकता-आधारित पाठ्यक्रमों की पेशकश करेगा। केंद्र स्थापित किया जाएगा। लंबी अवधि (7-10 वर्ष) में, उद्योग और सरकार द्वारा समर्थित आवश्यकता-आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से कौशल विकास को प्रोत्साहन देने के लिए पेटेंटिंग प्रयोगशालाएं भी स्थापित करने का लक्ष्य है।

लविवि में कौशल विकास, रोजगार व उद्यमशीलता के अवसर बढ़ाने के लिए बनाया विजन प्लान

विजन प्लान से सुनिश्चित करना है कि छात्र-छात्राएं अपने एकेडमिक ज्ञान को मुद्रीकरण योग्य कौशल में बदलने में सक्षम हों। कुशल कर्मियों और नौकरी सृजकों के रूप में समाज की सेवा कर सके।
प्रो. आलोक राय, कुलपति, लविवि

लविवि में बनेगी प्रमाणन प्रयोगशालाएं

प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय एक मोबाइल कौशल विकास प्रयोगशाला भी विकसित करेगा. यह एक वैन के रूप में होगी, जिससे विद्यार्थियों के कौशल को जन-जन तक पहुंचाया जा सके. इसके अलावा, उद्योगों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन की सुविधा के लिए प्रमाणन प्रयोगशालाएं भी स्थापित की जाएंगी. अभिनव प्रथाओं के पेटेंट और भौगोलिक संकेत (जीआई) टैगिंग में नवीन प्रथाओं की सहायता के लिए पेटेंट प्रयोगशालाएं भी बनेंगी.

एलएलबी में अब इंटर्नशिप अनिवार्य

जारां, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने एलएलबी में इंटर्नशिप को लेकर निर्देश जारी किए हैं। विधि संकाय के डीन प्रोफेसर बीडी सिंह ने बताया कि एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के दूसरे व चौथे, एलएलबी पांच वर्षीय कोर्स के चौथे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य है।

छात्र-छात्राओं को 21 से 30 दिन ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप न्यायालय, वरिष्ठ अधिवक्ता, विधिक फर्म, उपभोक्ता फोरम, मानवाधिकार आयोग, राज्य विधि सेवा प्राधिकरण सहित अन्य विधिक संस्थाओं में करनी होगी। विधि विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र दिया जाएगा। छात्र-छात्राओं को इस इंटर्नशिप की फाइल तैयार करनी होगी, जिसमें किए गए कार्यों की जानकारी का उल्लेख करना होगा, जिसे विधि संकाय की आफिस में जमा करना होगा। एलएलबी तीन वर्षीय तृतीय व पांचवें सेमेस्टर, एलएलबी पांच वर्षीय पांचवें सेमेस्टर में मूल्यांकन के बाद मौखिक परीक्षा होगी।

परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ीः लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीईएलएड तीसरे-चौथे सेमेस्टर, एलएलएम दूसरे, चौथे, बीबीए, बीएफए आठवें और बीबीए छठे सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि 19 जून तक बढ़ा दी है। परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 21 जून है।

परिणाम जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एमए फ्रेंच व कम्पोजिट हिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। www.lkouniv.ac.in के माध्यम से परिणाम देख सकते हैं।

लैंगिक समानता बनाने में भूमिका निभाएंगे जेंडर चैंपियन

जारां, लखनऊ : लैंगिक समानता लाने के लिए एकैटीयू सभी संबद्ध संस्थानों में जेंडर चैंपियन बनाएगा। ये जेंडर चैंपियन लैंगिक समानता का माहौल बनाने के साथ ही छात्राओं के सम्मान को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएंगे। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देश पर कुलसचिव ने सभी संस्थानों को पत्र जारी किया है। संस्थानों को अपने यहां पढ़ने वाले 16 वर्ष से अधिक उम्र वाले छात्र या छात्रा को बतौर जेंडर चैंपियन बनाना होगा। इसके लिए बाकायदा चयन प्रक्रिया होगी। संबंधित संस्थान के प्रमुख चयन करेंगे। चयन के लिए छात्र या छात्रा को उसी संस्थान में पंजीकृत होना होगा। उम्र 16 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिए। छात्र नियमित रूप से संस्थान में उपस्थित रहता हो। जेंडर चैंपियन को अपने संस्थान में लैंगिक समानता, छात्राओं के सम्मान के लिए कई तरह की गतिविधियों, ग्रुप डिस्कशन, वाद-विवाद प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता आदि कराना होगा।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि के डिप्लोमा कोर्सों की आवेदन तिथि बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत आनलाइन परास्नातक (पीजी), डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट की प्रवेश की प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। छात्र अब 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। जबकि इससे पहले 10 जून तिथि निर्धारित थी।

इच्छुक छात्र लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में पीजी एडमिशन के विकल्प पर जाकर प्रवेश सम्बन्धित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एडमिशन फॉर्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

सक्रियता

- अब 30 जून तक समय, छूटे हुए छात्रों को मिलेगा मौका

इन बातों का रखें ध्यान

- फार्म भरने के पूर्व एडमिशन ब्रॉशर जरूर पढ़े।
- अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केवी हो।
- हस्ताक्षर की स्कैन कापी 50 केवी के अंदर हो।
- आरक्षण लाभ के लिए प्रमाण पत्र लगाना जरूरी है।

पार्ट एमटेक की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत फैकेल्टी आफ इंजीनियरिंग में पार्ट टाइम एमटेक की प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फार्म भरने की अंतिम तिथि 7 जुलाई है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 20 सीट, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 20 सीट निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में इंजीनियरिंग एंड फैकेल्टी पर जाकर प्रवेश सम्बन्धित सभी सूचनायें एडमिशन ब्राशर से प्राप्त कर सकते हैं। एडमिशन फॉर्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

छात्रों को नवाचार का अवसर और रोजगार का मिलेगा मौका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों के लिए नवाचार, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमशीलता के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों को प्राथमिकता देने और बढ़ावा देने की योजना तैयार की है।

इस योजनाओं में अल्पकालिक, मध्यावधि और दीर्घकालिक लक्ष्य शामिल हैं। अल्पावधि (0-4 वर्ष) में विश्वविद्यालय कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने का इरादा रखता है। इसमें इंस्ट्रूमेंटेशन, इक्विपमेंट हैंडलिंग और डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए मौजूदा शोध बुनियादी ढांचे का उपयोग करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना का औपचारिक करण दल (पीएमएफएमई) के तहत वर्ष में दो बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है।

इसके अलावा, एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की कल्पना की गई है, जिसमें नैनो टेक्नोलॉजी और ड्रग डिलीवरी के लिए नैनो सामग्री, प्राकृतिक उत्पाद अनुसंधान, एनएबीसीएल प्रमाणन के साथ खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला और फैशन डिजाइनिंग जैसे विशेष क्षेत्र शामिल हैं। प्रो. पूनम टंडन, डीन अकादमिक्स ने बताया कि इन व्यापक योजनाओं के माध्यम से, लखनऊ विश्वविद्यालय अपने छात्रों को आवश्यक कौशल, ज्ञान और विभिन्न क्षेत्रों में फलने-फूलने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन और सामाजिक विकास दोनों में योगदान करने के अवसरों से लैस करने की कल्पना करता है।

लंबी अवधि (7-10 वर्ष) में, विश्वविद्यालय एक केंद्रीकृत प्लेसमेंट सेल के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रमों को कैरियर के अवसरों से जोड़ने की योजना बना रहा है।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने तैयार की कार्य योजना

इस विजन प्लान का अंतिम लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र अपने अकादमिक ज्ञान को मुद्रीकरण योग्य कौशल में तब्दील करने में सक्षम हों और कुशल कर्मियों और नौकरी सृजकों के रूप में समाज की सेवा कर सके। लखनऊ विश्वविद्यालय इस प्रतिबद्धता को मापने के लिए दृढ़ संकल्पित है।
-प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति

कौशल विकास केन्द्र होंगे स्थापित

मध्यावधि लक्ष्यों (4-7 वर्ष) की ओर बढ़ते हुए विश्वविद्यालय का उद्देश्य कौशल विकास केंद्र स्थापित करना है। यह केंद्र उद्योग और सरकार द्वारा समर्थित आवश्यकता-आधारित पाठ्यक्रमों की पेशकश करेगा, साथ ही खुले प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रदान करेगा। यह अन्य उभरते हुए कौशल विकास केंद्रों के विकास में भी मदद करेगा।

लॉ छात्रों की होगी इंटर्नशिप

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय व सम्बद्ध सभी लॉ कॉलेजों में पढ़ने वाले पांच वर्षीय चतुर्थ और त्रिवर्षीय के दूसरे व चतुर्थ सेमेस्टर के विधि छात्रों को कम से कम 21 दिन ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप करनी होगी। इस संबंध में संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने कई पत्र जारी किए हैं। पत्र में प्रो. सिंह ने कहा है कि ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप न्यायालय, वरिष्ठ अधिवक्ता, विधिक फर्म, उपभोक्ता फोरम, मानवाधिकार आयोग, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में 21 दिन से लेकर 30 दिन तक करनी होगी। प्रधानमंत्री के विजन व मुख्यमंत्री के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उप्र में महत्वपूर्ण गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है

VoL PAGE 6

पीजी समेत फार्म भरने की तिथि 30 तक बढ़ी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत आनलाइन परास्नातक (पीजी), डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट की प्रवेश की प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून से बढ़ा कर 30 जून 2023 कर दी गयी है। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर Admission ‘fZp ‚fZÔ PG Admission पर जाकर प्रवेश सम्बन्धित सभी सूचनाएं Admission Brochure से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही Admission form अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

पार्ट टाइम एमटेक के लिए 7 जुलाई तक भरे जायेंगे फार्म

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 की प्रवेश व्यवस्था के तहत फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में पार्ट टाइम एमटेक की प्रवेश की प्रक्रिया का शुरूआत की गयी है। प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 7 जुलाई है। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 20-20 सीटें है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर Admission पेज में ‘ZÔ Engineering and Pharmacy पर जाकर प्रवेश सम्बन्धित सभी सूचनायें Admission Brochure से प्राप्त कर सकते हैं। Admission for अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

TOI PAGE 2

Varsity rolls out vision plan for next decade

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The Lucknow University rolled out its vision plan for academics to be attained in the next decade on Friday. Opening up of a dedicated centre for research and learning in the field of nanotechnology, a skill development centre and the establishment of a vocational training centre are among the top priorities of the university.

"In academics skill development, entrepreneurship and youth development is our main goals. Establishment of a vocational training centre, nano technology and nano material for drug delivery and natural product research food testing laboratory, centre for skill development and opening up of other such industry-oriented centres to increase the employability of our students will be the main focus," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

As prescribed in the National Education Policy, skill development of local communities, nurturing rural technology, supporting rural innovation, scientifically standardizing traditional knowledge, cost-effective techniques and technology transfer will be something next on our cards, he said. Apart from a mobile skill development lab, creating skills beyond the boundaries of the university, taking skills to the masses, developing certification laboratories, facilitating national and international certification of industries and research laboratories, developing patenting laboratories and helping in patenting innovative practices is also our goal, he added.

Srivastava said that apart from GI tagging of innovative practices, the university envisions having a place among the top 50 NIRF universities and the top 500 universities of the world.

LOKSATYA PAGE 3

एलयू में कौशल विकास, रोजगार सहित अन्य योजनाएं देंगी युवाओं को अवसर

लखनऊ, लोकसत्य

विभिन्न गतिविधियों को प्राथमिकता देने की तैयारी

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने अपने छात्रों के लिए नवाचार, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमशीलता के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों को प्राथमिकता देने और बढ़ावा देने की योजना तैयार की है। इन योजनाओं में अल्पकालिक, मध्यावधि और दीर्घकालिक लक्ष्य शामिल हैं।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि इस विजन प्लान का अंतिम लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र अपने अकादमिक ज्ञान को मुद्रीकरण योग्य कौशल में तब्दील करने में सक्षम हों और कुशल कर्मियों और नौकरी सृजकों के रूप में समाज की सेवा कर सकें। अल्पावधि (0-4 वर्ष) में, विश्वविद्यालय कौशल विक